RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक- 44 | भीलवाड़ा, सोमवार, 04 मई 2026 | पृष्ठ-04 | मूल्य-04 रूपये

# महामुकाबले का दिनः 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना आज, तय होगा कई दिग्गजों का सियासी भविष्य

## पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी में खुलेंगी ईवीएम; भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके के लिए साख का सवाल

▪ स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली** । पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों के लिए आज मतगणना का दिन है। इन पांचों राज्यों में हुए हाई-वोल्टेज चुनावी मुकाबलों के नतीजे आज देश की आगामी राजनीतिक दिशा तय करेंगे। आज सुबह से ही कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम (EVM) खुलना शुरू हो जाएंगी और शुरुआती रुझानों के साथ ही यह साफ होने लगेगा कि जनता ने किस पार्टी के सिर पर सत्ता का ताज सजाया है।

**क्षेत्रीय क्षत्रपों की अग्निपरीक्षाः**

इन चुनावों में राष्ट्रीय दलों के साथ-साथ क्षेत्रीय क्षत्रपों की साख भी दांव पर लगी है। पूरे देश की नजरें सबसे हाई-वोल्टेज मुकाबले वाले राज्य पश्चिम बंगाल पर टिकी हैं, जहां ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (TMC) अपनी सत्ता बचाने और हैट्रिक लगाने के लिए संघर्ष कर रही है। वहीं, दक्षिण भारत के अहम राज्य तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) सत्ता में जोरदार वापसी की उम्मीद कर रहा है। इन क्षेत्रीय दलों के लिए आज के परिणाम उनके राजनीतिक वर्चस्व को साबित करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों के लिए 'करो या मरो' की स्थितिः**

राष्ट्रीय स्तर की बात करें तो ये नतीजे भाजपा, कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए भविष्य की राजनीति का खाका खींचेंगे। भारतीय जनता पार्टी (BJP) जहां असम में अपनी सत्ता बरकरार रखने और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्य में कमल खिलाकर इतिहास रचने की उम्मीद लगाए बैठी है, वहीं कांग्रेस के लिए अपना राजनीतिक वजूद बचाने और खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए इन राज्यों (विशेषकर असम, केरल और पुडुचेरी) के नतीजे जीवन-मरण का प्रश्न बने हुए हैं। दूसरी ओर, वाम दलों (Left Front) की नजरें केरल में अपनी सरकार रिपीट कर अपना एकमात्र मजबूत गढ़ बचाने पर टिकी हैं।

**साफ होगी देश की बड़ी राजनीतिक तस्वीरः**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आज आने वाले परिणाम केवल इन पांच राज्यों की सरकारें ही नहीं चुनेंगे, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पक्ष और विपक्ष की ताकत का भी अहसास कराएंगे। इन नतीजों से राष्ट्रीय राजनीति की कई बड़ी तस्वीरें साफ होंगी। मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के त्रिस्तरीय इंतजाम किए गए हैं और पूरे देश की धड़कनें आज चुनाव आयोग के आंकड़ों पर टिकी हुई हैं।

### महामुकाबले की 4 अहम बातें

- **आज खुलेंगी EVM:** 5 राज्यों (बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी) में वोटों की गिनती जारी है। आज कई दिग्गजों का सियासी भविष्य तय होगा।
- **बंगाल पर पूरे देश की नजर:** क्या ममता बनर्जी जीत की हैट्रिक लगा पाएंगी? या भारतीय जनता पार्टी **कमल खिलाकर** बंगाल में नया इतिहास रचेगी?
- **क्षेत्रीय क्षत्रपों की अग्निपरीक्षा:** तमिलनाडु में सत्ता वापसी के लिए DMK का **कड़ा संघर्ष** है, वहीं वाम दलों के लिए केरल में अपना आखिरी मजबूत गढ़ **बचाने** की बड़ी चुनौती है।
- **तय होगी राजनीतिक दिशा:** इन पांच राज्यों के चुनाव नतीजे केवल सरकारें ही नहीं चुनेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति का आगामी भविष्य और विपक्ष की ताकत भी तय करेंगे।



# दिल्ली के विवेक विहार में भीषण अग्निकांडः धुएं और बंद दरवाजों के बीच घुट गई 9 जिंदगियां

## आग की लपटों से ज्यादा जहरीले धुएं ने बरपाया कहर; चीख-पुकार के बीच बाहर निकलने का नहीं मिला रास्ता

▪ स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली**। देश की राजधानी दिल्ली के विवेक विहार इलाके से एक बेहद ही दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां हुए एक भीषण अग्निकांड में 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। मौत का कारण आग की लपटों से ज्यादा वह जहरीला धुआं बना, जो बंद दरवाजों के कारण बाहर नहीं निकल पाया और अंदर फंसे लोगों की सांसें घोंट गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

**बंद दरवाजों ने छीन ली जिंदगी**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवेक विहार इलाके की एक इमारत में अचानक आग भड़क उठी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जिस समय आग लगी, इमारत में कई लोग मौजूद थे। आग के कारण बिजली गुल हो गई और चारों तरफ घना, काला धुआं भर गया। सबसे बड़ी त्रासदी यह रही कि दरवाजे बंद होने और धुएं के गुबार के कारण लोगों को बाहर निकलने का कोई सुरक्षित रास्ता ही नहीं मिल पाया। जान बचाने की जद्दोजहद में अंदर फंसे लोग चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन धुएं में दम घुटने से 9 जिंदगियां हमेशा के लिए खामोश हो गईं।

**दमकल और प्रशासन की कार्रवाईः**

आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद दरवाजे तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग पर काबू पाया। अचेत अवस्था में निकाले गए लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

फिलहाल पुलिस और संबंधित एजेंसियां इस बात की गहन जांच कर रही हैं कि आग किन कारणों से लगी और सुरक्षा मानकों में कहां चूक हुई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।







# दर्दनाक हादसाः घायलों की मदद करने पहुंचे लोगों को कार ने कुचला, 8 की मौत

## पहले दो बाइकों की हुई थी टक्कर, राहत कार्य के दौरान तेज रफ्तार कार बनी मौत का कारण



▪ स्मार्ट हलचल

**अंबेडकरनगर** (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में सोमवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने पहुंचे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इस भीषण हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा अकबरपुर-जलालपुर मार्ग पर हुआ। पहले दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी, जिसके बाद स्थानीय लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए घटनास्थल पर एकत्र हुए थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोग दूर जाकर गिरे। मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है, क्योंकि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। हादसे के बाद कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। वहीं इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और गति नियंत्रण के उपाय होते तो इतना बड़ा हादसा टाला जा सकता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### भीलवाड़ा UIT में बड़ा धमाका: सचिव गोयल APO

# जमीन घोटालों पर सरकार का सख्त वार, दफ्तर में मचा हड़कंप—अब और बड़े खुलासों के संकेत

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / नगर विकास न्यास (UIT) में लंबे समय से चल रहे जमीन आवंटन के विवादों के बीच राज्य सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए सचिव ललित गोयल को एपीओ (Awaiting Posting Orders) कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद UIT दफ्तर में हड़कंप मच गया है और पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। सूत्रों के अनुसार, करोड़ों रुपये की जमीनों के संदिग्ध आवंटन, फाइलों में हेरफेर और भू-माफियाओं से कथित गठजोड़ की लगातार मिल रही



शिकायतों के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। कई मामलों में नियमों को दरकिनार कर भूखंड आवंटन किए जाने की चर्चाएं लंबे समय से उठ रही थीं, जिन पर अब कार्रवाई की गाज गिरी है। बताया जा रहा है कि सरकार इस मामले की जांच का दायरा और बढ़ा सकती है। फाइलों की स्क्रूटनी, पुराने आवंटनों की जांच और संबंधित अधिकारियों की भूमिका खंगाली जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में और अधिकारियों पर भी कार्रवाई की तलवार लटक रही है—क्या अब और "विकेट" गिरेंगे? इस कार्रवाई के बाद UIT कार्यालय में अफसरों और कर्मचारियों में खलबली मच गई है। कई फाइलें खंगाली जा रही हैं और रिकॉर्ड खंगालने का दौर शुरू हो गया है। जनता का सवाल—इतनी देर क्यों? शहरवासियों में इस कार्रवाई को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। आमजन का कहना है कि सरकार ने कदम तो सही उठाया, लेकिन बहुत देर से—अगर पहले सख्ती होती तो करोड़ों की जमीनों का खेल रोका जा सकता था? अब नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ एक शुरुआत है या फिर पूरे नेटवर्क पर बड़ा शिकंजा कसने की तैयारी? भीलवाड़ा UIT में आगे और क्या खुलासे होंगे—इसका इंतजार हर किसी को है।

# लाडपुरा: एनिकट में रातों-रात 500 से अधिक मछलियों की मौत, पानी में जहर मिलाने की आशंका

### भैरूजी मंदिर खाल के पास जल त्रासदी; प्रदूषण या कीटनाशक को माना जा रहा मौत का कारण, ग्रामीणों में भारी रोष



▪ स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा**। कस्बे के लाडपुरा चौराहा और भैरूजी मंदिर खाल के समीप स्थित एनिकट में एक साथ भारी संख्या में मछलियों की मौत होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। रातों-रात करीब 500 से ज्यादा मछलियां मृत अवस्था में पानी पर तैरती हुई पाई गईं, जिसे देखकर ग्रामीणों में भारी रोष और चिंता व्याप्त हो गई है। एक साथ इतनी बड़ी जल त्रासदी होने से पारिस्थितिकी तंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**ऑक्सीजन की कमी या पानी में मिलाया गया जहर?**



एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मछलियों के मरने को लेकर दो तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि भयंकर जल प्रदूषण के कारण पानी में ऑक्सीजन की भारी कमी (Oxygen Depletion) हो गई, जिससे मछलियों का दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

वहीं, दूसरी ओर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी साजिश की आशंका जताई है। ग्रामीणों का स्पष्ट रूप से मानना है कि एनिकट में एक साथ 500 मछलियों का मरना कोई सामान्य बात नहीं है। यह किसी अज्ञात व्यक्ति या शरारती तत्व की करतूत हो सकती है, जिसने रात के अंधेरे में खाल के पानी में कोई जहरीला पदार्थ या कीटनाशक दवा (Pesticide) मिला दी हो।

**जांच और कार्रवाई की उठी मांग:**

लाडपुरा खाल में भारी मात्रा में मृत मछलियों के पाए जाने की इस घटना के बाद आसपास के इलाके में भीषण दुर्गंध फैलने और पानी के पूरी तरह प्रदूषित होने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित पर्यावरण/मत्स्य विभाग से तुरंत घटनास्थल का मौका मुआयना करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी का सैंपल लेकर जांच की जाए कि मौत प्रदूषण से हुई है या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहर मिलाने से। यदि पानी में जानबूझकर कीटनाशक डाला गया है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# पैरों पर अफीम बांधकर रोडवेज बस में कर रहा था तस्करी, 2 किलो से अधिक मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार

### नाकाबंदी के दौरान बस से उतरकर भागने लगा युवक तो पुलिस ने दबोचा, पीले रंग की टेप से पैरों पर चिपका रखी थी थैलियां

▪ स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

**रायला**। जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ भीलवाड़ा पुलिस का सख्त अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में रायला थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 2 किलो 066 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह शातिर तस्कर पुलिस से बचने के लिए अफीम को अपने पैरों पर टेप से बांधकर राजस्थान रोडवेज की बस में सफर कर रहा था।

**नाकाबंदी के दौरान रोडवेज बस में पकड़ाया तस्कर:**




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) राजेश आर्य और वृत्ताधिकारी (गुलाबपुरा) जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गुरुवार (30 अप्रैल 2026) को थानाधिकारी मय जाब्ता रायला थाने के सामने भीलवाड़ा से गुलाबपुरा जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान भीलवाड़ा की तरफ से आ रही राजस्थान रोडवेज की एक बस (भरतपुर डिपो, RJ 13 PB 0386) को पुलिस ने रुकवाया।

**पुलिस को देखकर भागने लगा, तलाशी में खुला राज:**

जैसे ही पुलिस बस की चेकिंग करने लगी, बस में बैठा एक युवक अचानक उतरकर भागने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे तुरंत पकड़ लिया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम किशन (32) पुत्र लक्ष्मण बैरवा (निवासी तुमडिया, थाना साड़ास, जिला चित्तौड़गढ़) बताया। जब पुलिस ने उसकी सघन तलाशी ली, तो उसके दोनों पैरों पर पीले रंग की टेप से बंधी हुई दो प्लास्टिक की थैलियां मिलीं। इन थैलियों को खोलकर देखा गया तो उनमें 2 किलो 066 ग्राम अवैध अफीम पाई गई।

**NDPS एक्ट में मामला दर्ज, पूछताछ जारी:**

पुलिस ने अवैध अफीम को जब्त कर तस्कर किशन बैरवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने थाना रायला में प्रकरण संख्या 53/2026 के तहत एनडीपीएस (NDPS) एक्ट की धारा 8/18 में मामला दर्ज किया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान गुलाबपुरा थानाधिकारी संजय गुर्जर को सौंपा गया है, जो आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क के बारे में कड़ाई से पूछताछ कर रहे हैं।

इस कार्रवाई में रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के साथ डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल राकेश भंडारी का विशेष योगदान रहा। टीम में कांस्टेबल दुलीचंद, विक्रम और बनवारी लाल भी शामिल रहे।

# रायला पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 44 किलो से अधिक अवैध डोडा पोस्त बरामद, तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

▪ स्मार्ट हलचल

**डीएसटी टीम की सूचना पर पीछा कर लावारिस स्विफ्ट डिजायर कार से पकड़ा मादक पदार्थ**

**रायला**। भीलवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव (आई.पी.एस.) के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रायला थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 किलो 100 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है और तस्करी में प्रयुक्त एक कार को जब्त किया है। हालांकि, कार सवार तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

**टोल नाके से पहले मुड़ी कार, लावारिस हालत में मिली:**

थानाधिकारी मूलचंद वर्मा ने बताया कि 03 मई 2026 को डीएसटी टीम ने जरिये टेलीफोन सूचना दी थी कि मांडल चौराहे से एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (रजि. नं. GJ 17 CA 7468) काफी तेज गति से निकली है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति बैठे हैं और टीम उनका पीछा कर रही है। इस सूचना पर थानाधिकारी ने जाब्ते के साथ नाकाबंदी शुरू की। तभी डीएसटी टीम ने बताया कि कार लांबिया कलां टोल नाके से पहले ही डोडवानिया का खेड़ा से रूपाहेली खुर्द जाने वाली सड़क पर मुड़ गई है। जब थानाधिकारी रूपाहेली खुर्द से हरिपुरा जाने वाले पक्के रास्ते पर पहुंचे, तो वहां कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। डिग्गी में मिले 3 कट्टे, 44 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त जब्त: कार की डिग्गी खुली हुई थी और उसमें 3 प्लास्टिक के कट्टे रखे हुए नजर आ रहे थे। तलाशी लेने पर कट्टों में अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ पाया गया, जिसका कुल वजन 44 किलो 100 ग्राम था। पुलिस ने मादक पदार्थ को नियमानुसार जब्त कर लिया। पुलिस ने थाना रायला पर प्रकरण संख्या 55/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार को भी जब्त कर लिया है।

**कार्रवाई में शामिल टीम:**

इस कार्रवाई में रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा और डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल के साथ सउनि कैलाश चन्द, कांस्टेबल नारायण लाल, धर्मपाल और बनवारी लाल शामिल रहे। वहीं, डीएसटी भीलवाड़ा के कांस्टेबल रमेश कुमार (709) और घीसू लाल (1667) का इस कार्रवाई में विशेष योगदान रहा।

# स्व गणना चरण में विधायक आक्या ने पोर्टल पर दर्ज की जानकारी, आमजन से जुड़ने का किया आव्हान



▪ स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा**। चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने रविवार को सेंसस इंडिया 2026 सेल्फ एनुमरेशन सरकारी पोर्टल पर जाकर अपना व परिवार का जनगणना प्रपत्र स्वयं भरा।

विधायक आक्या ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों के लिए संदेश प्रसारित करते हुए कहा की जनगणना हमारे देश की नींव है। दिनांक 1 मई से 15 मई तक स्वयं जनगणना प्रपत्र भर सकते है। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक प्रगणक घर घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। इस बार जनगणना प्रपत्र को स्वयं भरकर इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं। आपकी दी गई सही और पूर्ण जानकारी से सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और गोपनीय है। आपका डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। आइए हम सब मिलकर जिम्मेदार नागरिक बने और अपने देश के विकास में योगदान देवें।

# बरामदे में सो रही वृद्ध महिला पर हमला कर नथ व खुगाली चुराई

▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर** :- क्षेत्र के थला ( श्रीपुरा ) गांव में शनिवार मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया, जहां चोर पीछे का दरवाजा फांदकर घर में घुसें, चोरों ने बरामदे में सो रही वृद्ध महिला पर हमला कर सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिया, वृद्ध महिला के चिल्लाने पर मौके से फरार हो गए । सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची । पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उदयलाल पुत्र भगवान लाल गुर्जर निवासी थला ( श्रीपुरा ) में बताया कि बीती रात्रि करीब 1:30 बजे तीन अज्ञात चोर उनके घर के पीछे का दरवाजा फांदकर घर में घुसे और बरामदे में सो रही उनकी मां गट्टू देवी पर दो जनों ने मुंह पर कंबल डालकर हमला कर गहने चुरा लिए, चोर महिला के गले से करीब आधा किलो चांदी की खूंगाली व नाक से 12 ग्राम सोने की नथ को चुरा लिया । महिला के चिल्लाने पर पड़ोसियों ने चोरों को ललकारा, इस पर चोर वहां से पीछे के दरवाजे से खेतों की तरफ भाग गए । चोरी की घटना के दौरान महिला का बेटा छत पर सो रहा था, बच्चे कमरे में सो रहे थे, इस पर चोरों ने सीढ़ियां के गेट को रस्सी से बांध दिया औ कमरे के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया, इतना ही नहीं मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया । सूचना पर बडलियास थाना प्रभारी जसवंत सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, वहीं एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर अहम साक्ष्य जुटाए । प्रार्थी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बड़लियास थाने में मामला दर्ज करवाया ।।

# जहाजपुर में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही: हादसों के बाद भी बिना सुरक्षा उपकरण काम करने को मजबूर कर्मचारी

## एक दिन पहले 11 केवी लाइन पर झुलसा था ठेका कर्मी; दूसरे ही दिन खुले ट्रांसफार्मर पर बिना ग्लव्स-हेलमेट काम करते दिखे लाइनमैन

▪ स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर** (अलकेश पारीक)। क्षेत्र में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही और कर्मचारियों की जान के साथ हो रहा खिलवाड़ एक बार फिर उजागर हुआ है। विभाग के अधिकारी हादसों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं हैं। एक ओर जहां 11 केवी (11kV) लाइन का फॉल्ट सुधारते समय एक ठेका कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया, वहीं अगले ही दिन विभाग की जमीनी हकीकत कुछ और ही खौफनाक मंजर बयां कर रही है।



### अखबारों में छपी खबर, फिर भी नहीं जागा विभाग:

बुधवार के अखबारों में ठेका कर्मचारी के 11 केवी लाइन पर करंट से झुलसने और उसकी हालत गंभीर होने की खबर प्रमुखता से छपी थी। लेकिन उसी दिन मौके से सामने आई तस्वीरें विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल रही हैं। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि बिजली विभाग के कर्मचारी बिना किसी सुरक्षा उपकरण के खुले ट्रांसफॉर्मर पर काम कर रहे हैं। लाइनमैन और कर्मचारियों के पास न तो सेफ्टी ग्लव्स (दस्ताने) हैं, न हेलमेट और न ही किसी प्रकार के इंसुलेटेड (विद्युत रोधी) उपकरण। ऐसे में किसी भी समय कोई बड़ा और जानलेवा हादसा हो सकता है।

### पहले भी हो चुके हैं कई हादसे, अधिकारी बेपरवाह:

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। जहाजपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में पहले भी बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। कर्मचारियों को आज भी अपनी जान हथेली पर रखकर बिना सुरक्षा इंतजाम के काम करने पर मजबूर किया जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि उच्च अधिकारियों को इन खतरनाक हालातों की पूरी जानकारी है, फिर भी नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।


smarthalchal.com स्मार्ट हल

लाइनमैन की घोर लापरवाही

11 केवी लाइन पर काम कर रहे अस्थायी कर्मी को करंट लग

जहाजपुर के जालमपुरा की घटना, शटडाउन के बावजूद पीछे से चालू की बिजली, गंभीर हाल

### ग्रामीणों ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग:

क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के इस रवैये को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में तुरंत उच्च स्तरीय जांच कर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, लाइन पर काम करने वाले सभी नियमित और ठेका कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी किट) उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

# आसींद क्षेत्र में बैकुंठ धाम में भव्य धर्मसभा, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने युवाओं को दिया संदेश



▪ स्मार्ट हलचल

**आसींद**। बैकुंठ धाम बरनाघर में आयोजित भगवान देवनारायण की प्राण प्रतिष्ठा एवं 51 कुंडीय विष्णु महायज्ञ के तहत रविवार को भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। सुबह करीब 10 बजे बाजुंदा स्थित देवनारायण भगवान मंदिर से 2100 महिलाओं ने कलश यात्रा के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली, जो बैकुंठ धाम पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि वे जयपुर से साथियों, सांसदों और मंत्रियों के साथ देव दर्शन के लिए आए हैं और आज उन्होंने व्रत रखकर भगवान देवनारायण के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि 2014 के बाद आज उन्हें पुनः भगवान के दर्शन करने का अवसर मिला है।

उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लोकदेवताओं के आदर्शों को अपनाकर समाज को साथ लेकर चलना चाहिए। इतिहास और संस्कृति को याद रखते हुए आगे बढ़ना ही सही दिशा है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए और सभी को साथ लेकर चलने की भावना विकसित करनी चाहिए। देश के मौजूदा हालात पर टिप्पणी करते हुए पायलट ने बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताई और कहा कि युवा वर्ग आज चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे हमेशा युवाओं के हितों के लिए खड़े रहेंगे। साथ ही राजस्थान की वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब ढाई साल बीत चुके हैं और आने वाले समय में जनता को अपनी एकजुटता दिखानी होगी।

इस दौरान सांसद मुरारी लाल मीना ने भगवान देवनारायण को ईश्वर स्वरूप बताते हुए समाज में एकता और विकास पर बल दिया। वहीं कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर ने बगड़ावत समाज की एकजुटता को आवश्यक बताते हुए कहा कि आपसी सहयोग से ही समाज प्रगति कर सकता है।

कार्यक्रम में सचिन पायलट गुलाबपुरा से काफिले के साथ बैकुंठ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान देवनारायण के दर्शन कर हवन-यज्ञ में पूजा-अर्चना की। इस दौरान युवाओं व आयोजन समिति के सदस्यों ने उनका माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# मांडलगढ़ रेलवे कॉलोनी में चोरों के हौसले बुलंद: अब शिव मंदिर को बनाया निशाना, नकदी व पूजन सामग्री पार

▪ स्मार्ट हलचल

### लगातार हो रही वारदातों से रेलवे कर्मचारियों में भारी आक्रोश; 11 आवासों के ताले टूटने के मामले में भी पुलिस के हाथ अब तक खाली

**मांडलगढ़** ।क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे नजर आ रही है। यहां लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस गश्त और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्होंने भगवान के घर को भी नहीं बख्शा। ताजा मामला 2-3 मई 2026 की दरम्यानी रात का है, जहां बेखौफ बदमाशों ने कॉलोनी स्थित शिव मंदिर की तिजोरी और अलमारी का ताला तोड़कर नकदी और पूजन सामग्री पार कर ली।सुबह




### श्रद्धालु पहुंचे तो टूटे मिले ताले:

घटना का पता तब चला जब सुबह श्रद्धालु मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के ताले टूटे हुए हैं और अंदर पूजन सामग्री अस्त-व्यस्त पड़ी है। घटना की खबर फैलते ही रेलवे कॉलोनी के कर्मचारी मौके पर एकत्रित हो गए और भारी रोष जताया। सूचना मिलने पर मांडलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

### छुट्टियों में घर जाने से डर रहे कर्मचारी:

रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि पुलिस की नाकामी के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। गौरतलब है कि मात्र कुछ दिन पूर्व ही 20-21 अप्रैल की रात को चोरों ने इसी कॉलोनी के 11 सूने आवासों के ताले चटकाकर लाखों रुपये के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया था। उस बड़ी वारदात में भी पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इन घटनाओं से कर्मचारियों में इतना खौफ है कि वे अब छुट्टियों में अपने गांव या घर जाने से भी डरने लगे हैं।

### सालों से सक्रिय है चोरों का गिरोह

कर्मचारियों ने बताया कि रेलवे कॉलोनियों में चोरियों का यह सिलसिला नया नहीं है। गत वर्ष भी गेनोली रोड रेलवे कॉलोनी में कई बार चोरी की वारदातें हुई थीं। इसके अलावा हाल ही में परसोली रेलवे कॉलोनी में मोटरसाइकिल चोरी और बस्सी-बेरिसाल रेलवे कॉलोनी में भी (वर्ष 2024 से 2026 तक) लगातार घटनाएं सामने आई हैं। इन तमाम वारदातों के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से आमजन में गहरा असंतोष है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों को शीघ्र गिरफ्तार कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की पुरजोर मांग की है।

# दो देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार



▪ स्मार्ट हलचल

**बानसूर**। नारायणपुर थाना पुलिस नें अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दों युवकों को गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी रोहिताश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर घाटा रोड स्थित चौगान तिराहे पर संदिग्ध युवकों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से दो देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान मुकेश (रेका माला बामनवास कांकड़) और गीलू गुर्जर (मालोडी, नारायणपुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गाँधी दर्शन समिति के तत्वावधान में मनाया गहलोत का जन्मदिन

▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा**-राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति शाहपुरा के तत्वावधान में श्री पशुपतिनाथ गौशाला में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्यों के माध्यम से उनका जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, पूर्व नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, अजय मेहता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अखिल व्यास के आतिथ्य में आयोजित किया गया जिसका संचालन संयोजक अविनाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर तोषनीवाल एवं भारद्वाज ने कहा कि अशोक गहलोत ने अपने कार्यकाल में जनहितकारी योजनाओं और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देकर प्रदेश की जनता के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके नेतृत्व को प्रेरणादायक बताया। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महात्मा गांधी के जीवन दर्शन और विचारो को सभी युवाओं और आमजन तक पहुँचाने के लिए शांति एवं अहिंसा विभाग बनाने वाला पहला प्रदेश राजस्थान है तथा पूर्व मुख्यमंत्री को राजस्थान का गाँधी भी कहा। कार्यक्रम के दौरान गौशाला में गायों और अन्य पशुधन को हरा चारा खिलाया गया, पक्षियों के लिए परिण्डे लगाये गये एवं सामाजिक सेवा के कार्य भी किए गए। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कुणाल ओझा, पार्षद मुबारक हुसैन, डॉ इशाक खान, पार्षद प्रतिनिधि सौरभ सर्वा, यूथ कांग्रेस प्रवक्ता केशव सपूत, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष राकेश लोहार, सचिव सूरज सोनी, वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र वैष्णव, रमेश शर्मा, कांग्रेस नेता अभिषेक त्रिपाठी, गब्बर खान, धनराज जीनगर, विजय टेलर, रजत जैन, रामेश्वर सोलंकी, प्रियेश सिंह यदुवंशी, प्रिंस खटीक सहित जन्मदिन आयोजन में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि संगठन की मजबूती और जनसेवा के संकल्प के साथ वे पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे। पूरे आयोजन में उत्साह, एकजुटता और जनसेवा का संदेश प्रमुख रूप से देखने को मिला।



# सांसद दामोदर अग्रवाल एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को बिजोलिया मे रहेंगे उपस्थित

▪ स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ/** लोकसभा सचेतक व भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल सोमवार 4 मई को एक दिवसीय दौरे पर बिजौलियां पहुंचेंगे । सांसद प्रवक्ता पंकज जैन ने बताया कि सांसद सायंकाल 5.30 बजे बिजौलियां की ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन मंदाकिनी महादेव मंदिर पहुंचेंगे। वहां मंदिर दर्शन के पश्चात व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मंदिर पदाधिकारियों व उपस्थित नगरवासियों से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात सायंकाल 6.30 बजे आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की भी उपस्थित रहेगी।



# पानी की किल्लत से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम की

## दूनी-आवां मार्ग पर प्रदर्शन, सरकार और विधायक के खिलाफ नारेबाजी

▪ स्मार्ट हलचल

**देवली-उनियारा** विधानसभा क्षेत्र की चांदसिंहपुरा ग्राम पंचायत के हनुमानपुरा और नयागांव गोठड़ा में गहराते पेयजल संकट से आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को दूनी-आवां मार्ग पर करीब 30 मिनट तक जाम लगा दिया। पिछले एक महीने से नलों में पानी नहीं आने के कारण यह विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और स्थानीय विधायक राजेंद्र गुर्जर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का विशेष रोष विधायक राजेंद्र गुर्जर के प्रति था, क्योंकि नयागांव गोठड़ा पोलिंग बूथ पर उन्हें रिकॉर्ड तोड़ 850 मत मिले थे, जबकि कुल मत 1050 थे।

ग्रामीणों को उम्मीद थी कि भारी जनसमर्थन के बाद उनकी पेयजल समस्या का समाधान होगा, लेकिन । स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

पेयजल के साथ-साथ ग्रामीणों ने गांव की बुनियादी सुविधाओं पर भी सवाल उठाए। नयागांव गोठड़ा में सड़क की हालत अत्यंत खराब है,





जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी मतदान के बावजूद क्षेत्र विकास की राह देख रहा है।

जाम की सूचना मिलते ही आवां पुलिस चौकी प्रभारी रामकिशन मीणा मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों से समझाइश की। बीसलपुर पेयजल परियोजना के सुपरवाइजर जगदीश मीणा व रामलाल गुर्जर ने भी आश्वासन दिया कि सोमवार से पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। करीब आधे घंटे तक लगे जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं होती है, तो वे टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी को ज्ञापन सौंपेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर सरपंच पुत्र गुलाब चन्द गुर्जर, सीताराम गुर्जर, रामसहाय जेराज, हेमराज, लोकेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तीन जिलों में 453 भूखंड आवंटन को तैयार, रीको ने दसवाँ चरण किया शुरू

## कोटा, बूंदी व बारां के औद्योगिक क्षेत्रों में 449 औद्योगिक और 4 लॉजिस्टिक्स भूखंड; 14 मई तक अमानत राशि जमा करने का अवसर, 19 मई को ई-लॉटरी

▪ स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राइजिंग राजस्थान पहल के तहत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशकों के लिए रीको इकाई कोटा द्वारा औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन का दसवाँ चरण 1 मई 2026 से शुरू कर दिया गया है। अमानत राशि जमा कराने की अंतिम तिथि 14 मई 2026, सायं 6 बजे तक रखी गई है। एमओयू निष्पादित निवेशक रीको की वेबसाइट www.riico.co.in अथवा www.riico.rajasthan.gov.in या एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक, कोटा वी.के. विजय ने बताया कि इस चरण में कोटा, बूंदी एवं बारां जिले के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में 449 औद्योगिक भूखंड और 4 लॉजिस्टिक्स भूखंड उपलब्ध हैं। योजना के अंतर्गत किसी भूखंड के लिए एकमात्र आवेदन प्राप्त होने पर सीधा आवंटन किया जाएगा, जबकि एकाधिक आवेदन की स्थिति में 19 मई 2026 को ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा। वी.के. विजय ने बताया कि कोटा जिले में बपावर में 82, गुन्दी फतेहपुर में 10, स्टोन पार्क गुन्दी फतेहपुर में 61, वेस्ट रिसाइक्लिंग पार्क गुन्दी फतेहपुर में 46 एवं टॉय पार्क रानपुर में 14 औद्योगिक भूखंड उपलब्ध हैं। बूंदी जिले के औद्योगिक क्षेत्र कछालिया में 19, तालाबगाँव में 99 एवं श्रीराम जानकी नैनवाँ में 50 औद्योगिक भूखंड उपलब्ध हैं। बारां जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीपलखेड़ी में 67 औद्योगिक भूखंड और 4 लॉजिस्टिक्स भूखंड तथा औद्योगिक क्षेत्र गुवाड़ी मझारी में 1 औद्योगिक भूखंड उपलब्ध है।

औद्योगिक क्षेत्र गुन्दी फतेहपुर, गुवाड़ी मझारी एवं टॉय पार्क के भूखंड 99 वर्ष की लीज पर मिलेंगे। आवंटन के लिए 25 प्रतिशत भुगतान के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 8.5 प्रतिशत ब्याज के साथ पाँच वर्षों में 19 त्रैमासिक किस्तों में जमा कराई जा सकेगी। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र स्टोन पार्क गुन्दी फतेहपुर, वेस्ट रिसाइक्लिंग पार्क गुन्दी फतेहपुर, कछालिया, तालाबगाँव, श्रीराम जानकी नैनवाँ एवं पीपलखेड़ी के भूखंड रीको की फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी के तहत 33 वर्ष की लीज पर 60 प्रतिशत रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। इनके लिए 25 प्रतिशत भुगतान के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 8.5 प्रतिशत ब्याज के साथ तीन वर्षों में 11 त्रैमासिक किस्तों में जमा कराई जा सकेगी।

# बवंडर का तांडव: पेड़ के नीचे दबनेसे एक की मौत

## कई जगह जनजीवन अस्त-व्यस्त । ताश के पत्तों की तरह उड़े टीनशेड, किसानों की टूटी कमर, अंधेरे में डूबा क्षेत्र, विद्युत ढांचा चरमराया

▪ स्मार्ट हलचल

**सांगोद,** । सांगोद क्षेत्र के लिए घाड़ क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से खराब मौसम और लगातार आ रहे तूफानों ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शनिवार रात आए भीषण बवंडर ने घाड़ क्षेत्र में भारी तबाही मचाई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और लाखों रुपये का जान-माल का नुकसान हुआ।

बवंडर का सबसे दर्दनाक मंजर ज्योतिपुरा गांव में सामने आया, जहां रात के समय पेड़ के नीचे दबने से किसान मिश्रीलाल मीणा की मौके पर ही मौत हो गई।

तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि







कई मकानों और बाड़ों पर लगे टीनशेड ताश के पत्तों की तरह उड़कर दूर जा गिरे।

दौलतपुरा निवासी बाबूलाल मीणा ने बताया कि उन्होंने सरकारी सहायता के लिए पशु आश्रयलय बनाया था, लेकिन भुगतान मिलने से पहले ही तूफान ने इसे धराशाई कर दिया। जिससे किसान के 18 टीनशेड पूरी तरह टूट गए और 500 लीटर की पानी की टंकी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

गनीमत रही कि जहां टीनशेड गिरे, वहां एक शादी समारोह चल रहा था। लोग बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

बवंडर के कारण विद्युत विभाग को भी भारी क्षति पहुंची है। खरोई में श्योजी लाल मीणा के कुएं पर लगा ट्रांसफार्मर गिर गया। जिससे किसान को नुक्सान हुआ है

डाटुन्दा और लक्ष्मीपुरा सहित कई गांवों में बिजली के दर्जनों पोल उखड़ गए, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और युद्धस्तर पर लाइनों को दुरुस्त करने का कार्य जारी है।

पिछले तीन दिनों से लगातार खराब मौसम के कारण पेड़ उखड़ने और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने से किसान और आमजन चिंतित हैं। फसलों और पशु आश्रयों के नुकसान ने ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है। प्रशासन से जल्द सर्वे करवाकर उचित मुआवजे की मांग की जा रही है।

# शाहपुरा को चमकाने की तैयारी, विधायक बैरवा ने खोला विकास का पिटारा

## सड़क, पानी, रोशनी शाहपुरा में अब हर मोर्चे पर विकास की रफ्तार तेज



▪ स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर में अब विकास की रफ्तार तेज होने जा रही है। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने जनसुनवाई में जनता से मिले सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शहर के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को मंजूरी दे दी है। नगर पालिका के जरिए इन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे जल्द ही धरातल पर काम नजर आने लगेंगे। जनसुनवाई में शहरवासियों ने टूटी सड़कों, जाम नालियों, पेयजल संकट, खराब स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक स्थलों की बदहाली जैसे मुद्दे उठाए थे। इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विधायक डॉ. बैरवा ने साफ कहा कि शाहपुरा का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। स्वीकृत कार्यों में शहर की सड़कों का निर्माण व मरम्मत, नई नालियों का निर्माण, पेयजल लाइन विस्तार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत करना, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण सहित कई जरूरी नागरिक सुविधाओं से जुड़े काम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इन विकास कार्यों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे हों। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग कर जनता को समय पर राहत देने पर जोर दिया गया है। डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि “जनता का विश्वास और सुझाव ही विकास की असली ताकत है। शाहपुरा को आधुनिक और सुविधायुक्त नगर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।” अब शहरवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं से राहत मिलेगी और शाहपुरा विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

# निशुल्क नेत्र परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 5 से

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 5 मई को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन डीएनबी द्वारा 5 मई को नेत्र रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर कि निशुल्क जांच की जाएगी, जांच के दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया जाएगा उन सभी जरूरतमंद ऑपरेशन योग्य रोगियों के 6 को स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए जाएंगे, 7 मई को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए जाएंगे




स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# रात्रि गश्त पर निकले कांस्टेबल की हत्या-सुनसान जगह पर खून से सना मिला शव-थाने की सरकारी बाईक पास में पड़ी मिली

## परिजनों का बजरी माफिया पर हत्या करने का आरोप-5 घंटे चला विरोध प्रदर्शन-प्रशासन ने 1.10 करोड़ मुआवजा व नौकरी की घोषणा

▪ स्मार्ट हलचल



**उनियारा** । जिले के उनियारा सर्किल अन्तर्गत बनेठा थाना क्षेत्र के ककोड़ इलाके में रविवार सुबह एक पुलिस कांस्टेबल का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भागचंद सैनी (26) के रूप में हुई है, जो ककोड़ चौकी पर तैनात थे। रात्रि गश्त पर निकले थे, सुबह ककोड़ के पास रूपवास मोड़ स्कूल के पास सुनसान जगह पर शव पड़ा मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांस्टेबल भागचंद सैनी (26) शनिवार रात करीब 12 बजे सरकारी बाइक से नियमित गश्त पर निकले थे। उनकी मध्य रात्रि 2 बजकर 58 मिनट पर आखरी लोकेशन ककोड़ कस्बा के पास एक होटल के सामने थी, जिसका पुलिस के ग्रुप में लोकेशन फोटो भी शेयर किया हुआ है। रविवार सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों ने सुनसान स्थान पर उनका शव पड़ा देखा और तुरन्त बनेठा थाना पुलिस को सूचना दी।

### धारदार हथियार से वार-पास में मिली बाईक

मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कांस्टेबल भागचंद सैनी के चेहरे, गर्दन और सीने पर धारदार हथियार से गहरे घाव के निशान थे। घटनास्थल के पास ही सरकारी बाइक भी पड़ी मिली, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई।

### एसपी सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन लाल भार्गव सहित अन्य अधिकारी व एफएसएल टीम मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

### शव देख परिजनों में मचा कोहराम

कांस्टेबल भागचंद का शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। पिता सहित परिजन बेसुध हो गए और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### अज्ञात बजरी माफिया पर हत्या का आरोप

परिजनों ने कथित आरोप लगाया कि क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफिया ने कांस्टेबल की हत्या की है। उनका कहना है कि अवैध बजरी खनन और परिवहन को लेकर पहले भी विवाद होते रहे हैं।

### अस्पताल में प्रदर्शन-मुआवजा घोषित

पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला सआदत अस्पताल टोंक लाया गया, जहां परिजनों ने करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। बाद में प्रशासन ने परिजनों व समाज के गणमान्य लोगों की मांग पर 1.10 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा, एक आश्रित को सरकारी नौकरी तथा राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार का आश्वासन दिया। साथ ही 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया गया।

### जांच के लिए टीम गठित

पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच के लिए टीम गठित की गई है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। हालांकि पुलिस द्वारा कुछ संदिग्ध लोगों को डिटेन कर रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही हैं।

### साल 2018 बैच का कॉन्स्टेबल हैं मृतक-चार साल पूर्व 2022 में शादी-21 माह का बेटा

कांस्टेबल भागचंद सैनी की शादी 21 अप्रैल 2022 को टीना सैनी से हुई थी। उनके 21 माह का बेटा कार्तिक है, जो अब पिता के साए से वंचित हो गया है। वे परिवार में सबसे छोटे थे। उनके दो भाई और तीन बहनें हैं। साल 2018 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए भागचंद सैनी के पिता कालूराम सैनी वर्ष 1994 में पार्षद रह चुके हैं। बेटे की असमय मृत्यु से परिवार पूरी तरह टूट गया है।

# नशा तस्करों पर नागौर पुलिस का बड़ा प्रहार

## 60 लाख का आलीशान मकान किया फ्रीज



▪ स्मार्ट हलचल

**नागौर** / जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन संकल्प – नशा मुक्त नागौर के तहत पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में लगातार हो रही सख्त कार्यवाहियों की कड़ी में इस बार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित संपत्ति पर सीधा प्रहार किया गया है। पुलिस ने आरोपी ऋषिराज गौतम द्वारा नशे के कारोबार से अर्जित आय से बनाए गए एक आलीशान मकान को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68F के तहत फ्रीज कर दिया है। यह मकान कस्बा रियांबड़ी में स्थित है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत प्लॉट सहित करीब 50 से 60 लाख रुपये बताई जा रही है। थानाधिकारी पादूकलां द्वारा जारी किए गए इस फ्रीजिंग आदेश को दिल्ली स्थित सक्षम प्राधिकारी ने भी कन्फर्म कर दिया है, जिससे पुलिस की कार्रवाई को कानूनी मजबूती मिली है। आरोपी ऋषिराज गौतम के खिलाफ थाना पादूकलां तथा थाना रजियासर (जिला श्रीगंगानगर) में एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से ही प्रकरण दर्ज हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर नशे की तस्करी से भारी मात्रा में अवैध धन अर्जित किया और उसी से यह आलीशान मकान तैयार किया। नागौर पुलिस ने इस अवैध संपत्ति को चिन्हित कर फ्रीजिंग की कार्रवाई कर स्पष्ट संदेश दिया है कि नशे के कारोबार से अर्जित संपत्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस पूरी कार्रवाई में थाना पादूकलां पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस प्रशासन ने दोहराया है कि जिले में नशा बेचकर समाज को खोखला करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

# CHC में अव्यवस्थाओं की खुली पोल, सीएमएचओ सीताराम मीणा ने लगाई फटकार, औचक निरीक्षण में खुली हकीकत

▪ स्मार्ट हलचल



**दौसा**। कुण्डल तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का शनिवार को सीएमएचओ डॉ. सीताराम मीणा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गई। निरीक्षण में कई गंभीर खामियां मिलने पर सीएमएचओ ने मौके पर ही नाराज़गी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने डीडीसी पर उपलब्ध दवा स्टॉक, स्टॉफ उपस्थिति रजिस्टर, भर्ती वार्ड, जांच कक्ष, कोल्ड चैन कक्ष, चिकित्सक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उपचार के लिए आने वाले मरीजों से भी अस्पताल और स्टॉफ के व्यवहार की जानकारी ली।\

### - भर्ती वार्ड में गंदगी, कूलर भी नहीं

निरीक्षण के दौरान भर्ती वार्ड में गंदगी मिलने पर सीएमएचओ ने नाराजगी जताते हुए भर्ती वार्ड में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसरों को फटकार लगाते हुए वार्ड में सफाई कार्य का ध्यान रखने और बायोवेस्ट सहित अन्य कचरा कचरापात्र में ही डालने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारी को मौके पर बुलाकर सुबह 8 बजे से पहले, प्रातः 11 बजे और दोपहर 2 बजे बाद सफाई कर अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी के बावजूद वार्ड में कूलर नहीं लगे मिले, जिससे मरीज गर्मी से परेशान नजर आए। इस पर सीएमएचओ ने सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को तुरंत कूलर लगाने और खराब कूलरों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती वार्ड में एक कूलर भी लगवाया।

### - हीटवेव रूम तैयार नहीं, जताई नाराजगी

चिकित्सा विभाग द्वारा गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच अस्पतालो में हीटवेव रूम तैयार कर पर्याप्त सुविधा रखने के निर्देश दिए गए है। लेकिन सीएचसी परिसर में हीटवेव रूम तैयार नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए हीटवेव रूम को प्राथमिकता के आधार पर जल्द तैयार के लिए निर्देशित किया।

### - मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था का अभाव

अस्पताल में मरीजों के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं होने पर भी सीएमएचओ नाराज नजर आए। उन्होंने तुरंत पांच पानी के कैंपर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को भीषण गर्मी में ठंडा और मीठा पानी मिल सके।

### - बाहर की दवा लिखने पर जांच के आदेश

अस्पताल में नर्सिंगकर्मियों द्वारा बाहर की दवा लिखने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने जांच कमेटी गठित करने की बात कही। साथ ही वार्ड में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दोषी नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्वाई अमल में लाने की बात कही।

### - दवाओं के कार्टून बरामदे में मिले

अस्पताल परिसर के बरामदे में दवाओं के कार्टून रखे मिलने पर सीएमएचओ ने नाराजगी जताई और उन्हें तुरंत अंदर सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए।

### - कूलरों की अव्यवस्था पर सख्ती

एक कमरे में कई कूलर एक साथ रखे मिले, जिनमें कुछ खराब हालत में थे। इस पर सीएमएचओ ने तुरंत सभी कूलर वार्ड में लगाने और खराब कूलरों को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए।

### - 1 बजे पहुंचा अकाउटेंट, लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान करीब 1 बजे अस्पताल में कार्यरत अकाउटेंट के पहुंचने पर सीएमएचओ भडक गए। उन्होने उससे पहुंचा कि क्या टाइम हो रहा है, ये समय अस्पताल आने का है, तो उन्होने बैंक कार्य के चलते बैंक जाने की बात कही। इस पर उन्होंने इसकी पूर्व सूचना सीएचसी प्रभारी को देने के निर्देश दिए।

### - बिजली गुल होने पर पेड़ की छांव में बैठकर सुनी समस्याएं, जल्द मिलेगी राहत

निरीक्षण के दौरान बिजली गुल होने पर सीएमएचओ डॉ. सीताराम मीना ने अस्पताल परिसर में पेड़ की छांव में बैठकर मरीजों और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने सीएचसी में नियमित चिकित्सक और स्थाई प्रभारी लगाने की मांग रखी। जिस पर सीएमएचओ ने कहा कि वे इसके लिए लगातार प्रयासरत है, वे इस मामले को लेकर जयपुर में उच्चाधिकारियों को भी कई बार अवगत करवा चुके है। चिकित्सा मंत्री से भी उन्होंने कुण्डल सीएचसी में नियमित चिकित्सक लगवाने का आग्रह किया है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द यहां नियमित चिकित्सक लगाकर क्षेत्रवासियों को पूर्णरूप से चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

### इनका कहना है कि - लापरवाही बर्दाश्त नहीं

अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को बेहतर और समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें कोताही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

**डॉ. सीताराम मीणा, सीएमएचओ, दौसा।**

# 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

▪ स्मार्ट हलचल

**दूनी/टोंक**। थाना क्षेत्र में एक हादसा सामने आया है। बास खेड़िया क्षेत्र में खेत से भूसा लेकर लौट रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का संपर्क 11 केवी बिजली लाइन से हो गया। इस दौरान सरोली निवासी खुशीराम जाट (25), पिता दयाल राम जाट, करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत उन्हें दूनी के अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दूनी थाना पुलिस के एएसआई उदय लाल और बद्री लाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

# कलशयात्रा के साथ लखमणियास में नव कुंडात्मक महारुद्र यज्ञ शुरू

▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर:-** सवाईपुर क्षेत्र के लखमणियास गांव में रविवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई, धोलाई देवनारायण मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर सात दिवसीय नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ की शुरुआत रविवार से हुई । ग्रामीण कालूलाल जाट ने बताया की लखमणियास गांव में धोलाई के देवनारायण मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर सात दिवसीय नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ की शुरुआत रविवार को कलशयात्रा के साथ हुई । जिसको लेकर रविवार गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, मंदिर शिखर पर 9 मई शनिवार दोपहर 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में कलश की स्थापना होगी और यज्ञ की पूर्णाहुति होगी । यज्ञ आचार्य पंडित चांदमल उपाध्याय सवाईपुर में बताया कि रविवार प्रातः 9:15 बजे चारभुजा नाथ मंदिर से पूजा पाठ कर 108 कलशों को जल से भरा गया, इसके बाद चारभुजा नाथ की शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई, कलश यात्रा में 108 महिलाएं व बालिकाएं सज-संवरकर कलश यात्रा में शामिल हुई, डीजे व ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी, जिसमें महिला पुरुष एवं युवतियां भगवान के भक्तिमय भजनों पर नाचने घूमने लगे, वहीं रविवार दोपहर 3:15 बजे मंडप प्रवेश किया और ग्राम देवि देवताओं की पूजा-अर्चना कर स्थापना की तथा सायं 5:15 बजे हवन कुंड में अग्नि की स्थापना की, हवन कुंड में 35 जोड़ो ने आहुतियां लगाई, इस दौरान 8 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया । वही सायं 6:15 बजे आरती की गई । इस दौरान प्रधान कुंड की बोली 2 लाख 11 हजार पर मांगी लाल गाड़री के नाम रही । सात दिवसीय महारूद्र यज्ञ की पूर्णाहुति 9 मई को दोपहर 12:15 होगी